52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.0 °c | अधिकतम 18.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:45 | वर्ष : 52/ अंक : 18 | शनिवार, 18 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

जिस तरह समुंद्र के पानी को सुखाया नहीं जा सकता उसी तरह ज्ञानी को भी नहीं हराया जा सकता।

मोदी सरकार रोजगार के आंकड़ों में फर्जीवाड़ा कर रही है : खड़गे

आपके आंकड़े क्या कहते हैं?.....

सच ही तो बोल रहे थे संजीव, रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा गया चौकी इंचार्ज

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। कुछ दिनों से केन्द्र सरकार में मंत्री रहे डॉ. संजीव बालियान लगातार मंचों से गरज-गरज कर कह रहे हैं कि थानों और तहसीलों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सच्चाई उगलने के बाद संजीव बालियान को सुरक्षा हटाने की सजा भी सुनाई गयी थी। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुक्रवार को उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी, मगर जो बात संजीव बालियान लगातार मंचों से कह रहे थे, वह सच साबित हुई। शुक्रवार को एन्टी करप्शन की टीम ने शाहपुर चौकी इंचार्ज रविन्द्र यादव को एक महिला से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह महिला शाहपुर कस्बा के मौहल्ला नूरबाफान निवासी मुसर्रत उर्फ भूरी पत्नी इस्लाम है। मुसर्रत ने मीडिया को अपना बयान देते हुए साफतौर पर बताया कि चौकी इंचार्ज उन्हें बार-बार वारंट आने की बात कह रहा था। वारंट के बदले महिला के अनुसार वह उसे पहले भी पैसे दे चुकी है। इस बार चौकी इंचार्ज ने वारंट पर गिरफ्तारी न करने के नाम पर 25 हजार रुपये की रकम मांगी। पीड़ित महिला का कहना है कि चौकी इंचार्ज ने उसके घर के सभी सदस्यों के वारंट की बात

भ्रष्टाचारी चौकी इंचार्ज
रवीन्द्र यादव

कही थी मगर, उस समय चौंक गयी जब चौकी इंचार्ज ने वारंट में एक नाम भूरा भी बताया। महिला का कहना है कि भूरा तो उसका दिव्यांग बच्चा है, जो जन्म से ही चल फिर नहीं सकता, जिसे रोटी भी अपने हाथों से खिलानी पड़ती है और शौचालय तक भी अपने ही हाथों से ले जाना पड़ता है। ऐसे बच्चे के वारंट किस बात के निकले होंगे। महिला का कहना है कि उसे पता चला था कि सहारनपुर से कोई ऐसी टीम आती है, जो शिकायत पर भ्रष्टाचारियों को हाथोंहाथ दबोचती है। महिला ने जैसे कैसे एंटी करप्शन टीम का नम्बर उपलब्ध कराकर उन्हें चौकी प्रभारी की रिश्वत मांगने की पूरी कहानी बताई। एंटी करप्शन की टीम ने महिला की मदद करते हुए योजनाबद्ध तरीके से शुक्रवार को चौकी इंचार्ज को महिला द्वारा पैसे दिलवाए और हाथोंहाथ भ्रष्टाचारी चौकी इंचार्ज रवीन्द्र यादव को धर दबोचा। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी यशपाल सिंह ने एंटी करप्शन टीम को बताया कि 2010 में पीड़ित के पति व बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी, जिसमें पुलिस ने एफआर (फाइनल रिपोर्ट) लगा दी थी। बाद में विपक्षी ने फाइनल रिपोर्ट के विरोध में कोर्ट में वाद दायर किया था, जिसमें पीड़िता के पति व बेटे के बीस बीस हजार रुपये के जमानती वारंट हुए थे। यही वारंट भरवाने के नाम पर आरोपी चौकी प्रभारी पीड़ित से पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था और इसी रिश्वत को लेकर चौकी इंचार्ज को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दरोगा के खिलाफ खालापार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

उत्तर प्रदेश के सुरक्षा विभाग ने जारी किया पूर्व केन्द्रीय मंत्री को 'वाई' श्रेणी सुरक्षा का पत्र

गृह मंत्रालय से वाई श्रेणी की सुरक्षा में 8 सुरक्षाकर्मी किये तैनात

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं पूर्व सांसद संजीव बालियान को गृह मंत्रालय से वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। उप्र के सुरक्षा विभाग द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सुरक्षा में पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री के आवास पर एक दरोगा व चार सिपाही सशस्त्र गार्द व तीन पीएसओ यानि (पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर) में तैनात किये गये हैं। एसएसपी अभिषेक सिंह ने सुरक्षा मिलने की बात पुष्ट की है। आपको बता दें कि चार दिन पूर्व पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मंसूरपुर डिस्टलरी

के मंदिर व धर्मशाला के मुद्दे पर थाना इंचार्ज मंसूरपुर उमेश रोरिया पर भड़क गये थे और भड़कते हुए उन्होंने फिर एक बार भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाये थे, जिसके बाद उनकी सुरक्षा हाथोहाथ हटा ली गयी थी। मगर शुक्रवार को उप्र के सुरक्षा विभाग द्वारा एक पत्र जारी किया गया, जिसमें 17 जनवरी से पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री को वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गयी। पत्र में लिखा गया है कि उन्हें सुरक्षा में आवास पर एक दरोगा व चार सिपाही सशस्त्र गार्द व तीन पीएसओ यानि (पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर) में तैनात किये गये हैं।



-प्रेस नोट-
दिनांक-17.01.2025, जनपद मुजफ्फरनगर

- आज दिनांक 17.01.2025 को सुरक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के प्राप्त पत्र के द्वारा अवगत कराया गया कि श्री संजीव बालियान, माननीय पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्राप्त सूची के अनुसार "वाई श्रेणी" की सुरक्षा प्रदान है।
- उक्त सूचना के क्रम में श्री संजीव बालियान, माननीय पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के प्रदत्त "वाई श्रेणी" की सुरक्षा के सापेक्ष में 1.4 की सशस्त्र गार्द आवास सुरक्षा हेतु एवं 3 PSO कुल 08 सुरक्षा कर्मी की सुरक्षा प्रदान की गयी है।

फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी कर रही पाकस्तिानी महिला के खिलाफ मामला दर्ज

बरेली 17 जनवरी (वार्ता) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बरेली के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में पुलसि ने फंजी दस्तावेजों के जरिये सहायक अध्यापिका के तौर पर नौकरी कर रही एक पाकिस्तानी महलि के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक बरेली उत्तरी मुकेश चद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी फतेहगंज पश्चिमी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में शुमायला खान नामक पाकिस्तानी नागरिक के खिलाफ धारा 419 ,420 ,467 ,468 471 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। शुमायला पर आरोप है कि उसने कूटरचति प्रमाण पत्रों जरिये बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी प्राथमिक विद्यालय माधौपुर बरेली में सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल की। शिकायत मलिने पर शुमायला खान से संबंधति रामपुर जिला से भी आख्या मांगी गई थी, क्योंकि उपजिलाधिकिारी सदर, रामपुर कार्यालय निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था। उपजिलाधिकारी सदर, रामपुर ने अपनी जांच रिपोर्ट में साफ किया है कि शुमायला खान वास्तव में पाकस्तिानी नागरिक है।

युवक ने चलाई गोली, कई को छर्रे लगे

जानसठ, 17 जनवरी (बु.)। जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़ा चौगावां में पैसे के लेनदेन के विवाद के चलते गांव के ही एक युवक ने देर शाम गोली चलाई, जिसमें गांव खेड़ा चौगावां निवासी एक 12 वर्षीय बच्चा देवा व एक महिला प्रमिला सहित अशोक व ई-रिक्शा चालक वरुण पुत्र चंद्रपाल को गोली के छर्रे लगे। सूचना पर पहुंचे जानसठ पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेन्द्र कुमार नागर व कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने घायलों को जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया। बताया गया कि दो पक्षों में दूध डेरी के पैसों को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते गांव में ग्राम प्रधान की उपस्थिति में दोनों पक्षों का समझौता भी शुक्रवार दोपहर को करा दिया गया था। जानसठ पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेंद्र कुमार नागर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

खालापार थाना क्षेत्र के सुजडू में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। देर रात सुजडू में किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया। उक्त विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिनमें से एक ही पक्ष के चार लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि सुजडू की रहने वाली चांदबीबी के बच्चे कुछ सामान लेने के लिए जा रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने बच्चों से मारपीट कर दी। मारपीट के बाद दो पक्षों की ओर से उनके बड़े आमने-सामने आ गये। आमना-सामना होने के बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इनमें से कुछ युवकों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया है। देर रात तक घायल के परिजन अस्पताल में मौजूद थे और मीडिया से अपना दर्द बयां कर रहे थे। पुलिस ने परिजनों से तहरीर लेने के बाद आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करनी शुरू कर दी है।

पूरा दिन शुकतीर्थ के संत बदलते रहे बयान, पहले महापंचायत से किया इंकार, शाम को हुए तैयार

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। शुक्रताल के संतों ने गुरूवार को घोषणा की थी कि वे मंसूरपुर प्रकरण में सरशादी लाल डिस्टीलरी के विरोध में 19 तारीख को महापंचायत करेंगे। संतों द्वारा संत गोपालदास महाराज, आचार्य अजय कृष्ण महाराज, सुखदेव सिंह महाराज, पत्थरपुरी महाराज ने जोरदार तरीके से दावा किया था कि वे मंदिर और धर्मशाला की भूमि के लिए डिस्टीलरी की ईंट से ईंट बजा देंगे। मगर शुक्रवार दोपहर होते-होते उस ईंट का पता ही नहीं लगा जो संत बजाना चाहते थे। अपनी बात से पलटी मारते हुए उन्होंने वीडियो जारी कि कल जो योजना उन्होंने बनाई थी, वह अब निरस्त कर दी गयी है। अब वे कोई महापंचायत नहीं करेंगे। सोशल मीडिया पर जब इसका बयान चला तो चारों ओर हिन्दू संगठनों में संतों की किरकिरी होती दिखाई दी। किरकिरी होता देख संत फिर पलट गए और उन्होंने कहा नहीं उनके बयान को तोड़-मरोड़कर चलाया गया था। यह पंचायत हर हाल में होगी। इसके बाद हिन्दू मजदूर किसान समिति ने ऐलान किया कि 19 जनवरी को वे महापंचायत को अपना समर्थन सौंपते हैं। इस पंचायत को लेकर तरह-तरह की अफवाहें उड़ रही हैं, मगर हिन्दू मजदूर किसान समिति पीछे नहीं हटेगी और ऐलान के मुताबिक भारी भीड़ के साथ इस पंचायत में पहुंचेगी।

हिन्द मजदूर किसान समिति ने मंदिर की भूमि कब्जाने का जताया विरोध

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। शुक्रवार को संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजपाल सिंह की अध्यक्षता में हिन्द मजदूर किसान समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक मीडिया प्रवक्ता अमित सिंह के आवास पर संपन्न हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि डिस्टलरी शराब कारोबारियों की ओर से मंदिर की जमीन पर जो कब्जा किया गया है उसके विरोध में 19 जनवरी में खान्नूपुर के ग्रामीणों द्वारा आयोजित की जाने वाली महापंचायत का हिन्द मजदूर किसान समिति समर्थन करती है। बैठक में हिन्द मजदूर किसान समिति के मीडिया प्रवक्ता अमित ने बताया कि पुलिस द्वारा ग्रामीणों पर झूठे मुकदमे कराना, दलित महिला का अपमान करना और मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों का साथ पूरी तरह से निंदनीय और घृणित कार्य है। उन्होंने ऐलान किया कि हिन्द मजदूर किसान समिति के मजदूर व किसान 19 जनवरी को ग्रामीणों द्वारा आयोजित महापंचायत का समर्थन कर यूपी सरकार को इस घटना के विरूद्ध संज्ञान लेने का आह्वान करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पदम सिंह, विकास, धीर सिंह, तपेन्द्र, प्रवीन, कुशल प्रधान, संजीव, रजत इत्यादि उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर में एक से एक कलाकार, टेस्ट ड्राइव के लिए स्कूटी ली और युवक हो गया फरार

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। यूं तो मुजफ्फरनगर क्राइम सिटी के नाम से पहले से ही मशहूर है, मगर अब लूट के अंदाज बदलते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के पचैंडा रोड पर एक शाही इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुपहिया वाहन का शोरूम है, जिसके मालिक साफियान नामक व्यक्ति बताए गए हैं। आज शोरूम पर एक युवक नई इलेक्ट्रिक स्कूटी लेने पहुंचा और टेस्ट ड्राइव की बात कहकर अपनी पुरानी स्कूटी वहीं रखी और नई स्कूटी लेकर चला गया। जब कुछ देर तक युवक वापस नहीं लौटा तो शोरूम मालिक को संदेह हुआ कि कहीं युवक स्कूटी लेकर फरार तो नहीं हो गया। कुछ देर बाद जब युवक की ढूंढ की गयी तो वास्तव में युवक स्कूटी लेकर फरार हो चुका था। शोरूम मालिक ने तुरन्त इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने वहां मौजूद आरोपी द्वारा छोड़ी गयी स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया।

दिल्ली में कोहरे से 117 फ्लाइट, 27 ट्रेनें लेट, हिमाचल में बर्फबारी से 200 सड़कें बंद

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। देश के उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के साथ-साथ घने कोहरे का भी असर लगातार बना हुआ है। शुक्रवार सुबह 18 राज्यों में कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटी। दिल्ली में 117 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। वहीं, 10 कैंसिल की गई। दिल्ली आने वाली 27 ट्रेंनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची सकीं। हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ फिर बर्फबारी से सफेद हो गए हैं। 3 नेशनल हाईवे समेत 200 सड़कें बंद हैं। अकेले शिमला में ही 56 सड़कें बंद हुईं और एचआरटीसी की 15 बसें बर्फबारी में फंसी हैं। मौसम विभाग ने कहा कि यहां आज भी बर्फबारी होगी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। दोनों राज्यों के 20 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से बर्फीली हवाएं चलेंगी, जिससे इन राज्यों में भी तापमान गिरेगा।भारी सर्दी के बीच घने कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार को कम करने पर मजबूर कर दिया है। लिहाजा, शुक्रवार को सुबह 6 बजे तक 27 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। भारतीय रेल के मुताबिक, राजधानी दिल्ली पहुंचने वाली ये ट्रेनें करीब साढ़े चार घंटे से भी ज्यादा समय तक की देरी से चल रही हैं। ऐसे में रेल पैसेंजर्स को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

अब भी नहीं मिली पूर्व सांसद कादिर राणा को हाईकोर्ट से राहत

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। पूर्व सांसद कादिर राणा की मुश्किलें जरा भी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने एफआईआर को निरस्त करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए इसकी अगली तिथि 10 फरवरी नियत की है। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को वहलना चौक स्थित राणा स्टील में जीएसटी पर हमला किया गया था, जिसमें महिला अधिकारियों से अभद्रता के साथ-साथ टीम की गाड़ियों में तोड़फोड़ भी हुई थी। इस मामले में राणा परिवार के कई सदस्य गिरफ्तार कर लिये गए थे। वहीं थाना सिविल लाइन ने पूर्व सांसद कादिर राणा को हमले के मामले में 120 बी का मुजरिम बनाया था। उन्होंने अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था, जिसे 24 दिसम्बर को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद पूर्व सांसद की ओर से थाने में दर्ज एफआईआर को निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी, मगर उक्त याचिका पर पूर्व सांसद को कोई राहत नहीं मिल पाई। अगली सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तारीख तय की गयी है। वहीं जीएसटी चोरी के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा भी हाईकोर्ट की तरफ रुख किये हुए हैं।

31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को शुरू होकर 13 फरवरी तक चलेगा और दूसरा चरण 10 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा। पूरे बजट सत्र में कुल 27 बैठकें होनी हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अपना लगातार आठवां बजट पेश करेंगी। पहले चरण में निर्धारत परंपरा के तहत सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के साथ होगी, जिसके बाद आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में बहस होगी और दोनों सदनों में प्रधानमंत्री के जवाब के साथ सत्र के पहले चरण का समापन होगा।

मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल सहित राष्ट्रपति ने चार खिलाड़ियों को खेल रत्न से किया सम्मानित

नयी दिल्ली 17 जनवरी (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानति किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजति समारोह में श्रीमती मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानति किया। इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीती पाल (पैरा एथलेटक्सि), अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटक्सि) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकोता सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्या श्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिटिन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानति किया।

कई दिनों से दुकान में चोरी कर रहा किशोर रंगे हाथों पकड़ा

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। लोहिया बाजार में हार्डवेयर की दुकान मित्तल हार्डवेयर में एक किशोर कई दिनों से चोरी कर रहा था। दुकानदार द्वारा इस बात का पता लगने के बाद शुक्रवार को जान बूकर दुकानदार ने कुछ देर के लिए दुकान छोड़कर दूर से किशोर पर नजर की तो किशोर ने चोरी की हरकत करते हुए गल्ले से पैसे चुरा लिये। जैसे ही दुकानदार ने किशोर को गल्ले में हाथ डालते हुए देखा तो तुरंत उसे वहीं दबोच लिया और सीसीटीवी फुटेज लेकर खालापार थाने ले आया। सीसीटीवी फुटेज में उक्त किशोर साफतौर पर गल्ले से चोरी करता हुआ दिखाई पड़ रहा है। दुकानदार का बताना है कि उक्त किशोर की चोरी का पता उसे पहले से ही लग गया था। शुक्रवार को रंगे हाथों पकड़ने के लिए दुकानदार द्वारा युवक को चोरी करने का मौका दिया गया, तो दुकानदार अपनी स्कीम में कामयाब हो गये और किशोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने उक्त मामले में दुकानदार से तहरीर ले ली है।

सरिया व्यापारी फर्म पर जीएसटी चोरी छापे में आठ लाख वसूले

प्रातः 11:00 बजे से रात आठ बजे तक चली जांच प्रक्रिया

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। खतौली के महादेव स्टील प्रतिष्ठान पर स्टेट जीएसटी टीम ने माल के क्रय-विक्रय के दौरान बिना बिलों के बड़ा लेनदेन किया गया, जिसे आज जीएसटी के अधिकारियों ने पकड़ लिया। खतौली की महादेव स्टील फैक्ट्री पर 10 घंटे से अधिक चली जांच के बाद व्यापारी पर जीएसटी टीम ने आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे मौके पर ही जमा कराया गया। स्टेट जीएसटी विभाग की एसआइबी विंग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित को गोपनीय सूचना मिली थी कि खतौली में सरिया व्यापारी बिना बिलों का लेनदेन कर जीएसटी चोरी कर रहे हैं। उनके निर्देश पर विभाग के डिप्टी कमिश्नर विवेक मिश्रा ने नेतृत्व में टीम बनाई गई। डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में खतौली में पहुंची टीम ने महादेव स्टील पर छापा मारा। इस दौरान वहां माल का स्टाक, लेखा पुस्तक आदि की गणनता के साथ जांच शुरू की गई। सुबह 11 बजे से रात साढ़े दस बजे तक चली करीब नौ घंटे जांच में बड़ी गड़बड़ पकड़ी गई। फर्म द्वारा बिना बिलों के माल का विक्रय करना पाया गया। जांच में टीम अधिकारियों ने 80 टन टीएमटी सरिया बिना बिलों के विक्रय करना पकड़ा है। इसके बाद फर्म स्वामी पर करीब आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी से एक बाइक, नौ एटीएम कार्ड व साढे बाइस हजार रुपये बरामद किये गए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का चालान कर दिया। थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष सिंह ने जानकारी दी कि 28 अक्टूबर 2024 को इंदिरा कॉलोनी की रहने वाली एक युवती रुड़की रोड स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गयी थी। जहां पहले से ही दो युवक मौजूद थे। आरोपियों ने चालाकी से युवती का एटीएम कार्ड बदल दिया और थोड़ी देर बाद बारी-बारी करके 70 हजार रुपये युवती के एकाउन्ट से निकाल लिये। पुलिस ने शिकायत पर सीसीटीवी कैमरे चेक किये और पूरे मामले की जांच कर युवक का बाइक नम्बर प्राप्त करने में सफलता हासिल की। बस इसी आधार पर पुलिस ने हिसार (हरियाणा) निवासी धर्मेन्द्र उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। आरोपी से घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त बाइक, साढ़े बाइस हजार रुपये व 9 एटीएम बरामद किये। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश आदि राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।



पेस्टीसाइड की 41 दुकानों पर छापेमारी, 8 को नोटिस

टीमों ने छापेमारी करते हुए लिए कीटनाशी के 16 नमूने

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। शासन की सख्ती के बाद डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर कृषि विभाग की तीन टीमों ने जनपद की बुढ़ाना, खतौली और सदर तहसील क्षेत्र में छापमारी का बड़ा अभियान चलाया गया। इस बीच कृषि विभाग की तीनों टीमों ने बुढ़ाना, खतौली और सदर क्षेत्र में संचालित पेस्टीसाइड की 41 दुकानों पर छापेमारी की। वहीं विभागीय टीम ने कीटनाशी के करीब 16 नमूने जब्त करते हुए उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा है। वहीं पेस्टीसाइड की आठ दुकानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

योगी सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश में अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के पवित्र उद्देश्य से रबी की फसलों में गुणवत्तायुक्त कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए पेस्टीसाइड के निर्माता, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं-प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की है। शुक्रवार को की गई छापेमारी में जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया के द्वारा जहां बुढ़ाना तहसील क्षेत्र में 13 दुकानों पर छापेमारी करते हुए यहां पेस्टीसाइड दवाई के 4 नमूने जब्त किए, वहीं दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कृषि रक्षा अधिकारी यतेन्द्र कुमार के द्वारा जानसठ और खतौली तहसील क्षेत्र में 18 दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने 7 नमूने कीटनाशी के लिए हैं। वहीं पांच दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस दिया गया। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक द्वारा सदर तहसील क्षेत्र में इस कड़ी में 10 पेस्टीसाइड दुकानों पर छापेमारी करते हुए पांच नमूने लिए गए। इसके साथ उनके द्वारा एक दुकानदार को कारण बताओ नोटिस दिया गया। बता दें, बीते दिनों जनपद में भारत सरकार की ओर से कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम ने जिले में कई प्रतिष्ठानों पर इस बीच छापेमारी करते हुए बड़ी कार्रवाई किए जाने का दावा भी किया था। उक्त कार्रवाई के नाम पर हुए अंदरूनी खेल की चर्चा जनपद में सुर्खियों में है।

सैफ अली खान पर हमला मामले में संदिग्ध हिरासत में

मुंबई, 17 जनवरी (वार्ता) महाराष्ट्र की बांद्रा पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके बांद्रा (पश्चिम) स्थित आवास पर चाकू से हमले के मामले में शुक्रवार को एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हिरासत में लिए गये संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संदिग्ध का फुटेज अभिनेता के आवास के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त किया गया था। पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। अपराध शाखा की एक टीम भी बांद्रा पुलिस स्टेशन पहुंची है जो स्थानीय पुलिस के साथ समानांतर रूप से जांच कर रही है और टीम संदिग्ध से पूछताछ भी कर रही है। सैफ अली खान को गुरुवार सुबह बांद्रा स्थित उनके बहुमंजिला अपार्टमेंट में एक घुसपैठिए ने चाकू मार दिया। उन्हें गंभीर अवस्था में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी सफल सर्जरी की गई।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 17 जनवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 18 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1670-हेनरी मोरगन ने पानामा पर कब्जा किया। 1701-ब्रैडनबर्ग के फ्रेडरिक तृतीय प्रशिया की गद्दी पर बैठे। 1896-एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया। 1919-बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई। 1930-रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की। 1942-मुक्केबाज मुहम्मद अली का जन्म। 1945-सोवियत संघ की सेना पोलैंड के शहर कराकोव में पहुंची तथा जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया। 1947-प्रसिद्ध भारतीय गायक और अभिनेता कुंदन लाल सहगल का जालंधर में निधन। 1951-नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल हुआ। 1952-मिस्र में ब्रिटेन विरोधी दंगे भड़के। 1954-फनफानी ने इटली में सरकार का गठन किया। 1955-भारत के प्रसिद्ध कहानीकार, लेखक और पत्रकार सआदत हसन मंटो का निधन। 1959-महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा। 1960-अमेरिका तथा जापान ने संयुक्त रक्षा समझौता किया। 1962-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1963-फ्रांस ने यूरोपीय साझा बाजार से ब्रिटेन को अलग करने की वकालत की। 1966-भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ बद्रीनाथ प्रसाद का निधन। 1968-अमेरिका और सोवियत संघ परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए एक संधि के प्रारूप पर सहमत हुए। 1972-क्रिकेट खिलाड़ी विनोद काम्बली का जन्म। 1973-अमेरिका और उत्तर वियतनाम में शांति समझौते का पाठ तैयार करने के लिए वाताकांरों की बैठक शीघ्र होने की घोषणा की। 1974-इजरायल तथा मिस्र ने हथियारों का समझौता किया। 1976-फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया। 1985-बालीवुड अभिनेत्री मिनिषा लांबा का जन्म। 1986-दक्षिण यमन की राजधानी अदन में जबरदस्त संघर्ष शुरू होने पर विदेशी नागरिक भागने लगे। 1989-चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आजादी सच्चाई और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया। 1996-राजनीतिज्ञ और अभिनेता एन. टी. रामाराव का निधन।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1460, रसकट ढैया 1230-1240, चाकू 1350-1580, लड्डू 1500-1635, खुरपापाड़ 1400-1430, शक्कर मसाला 1550-1570। आमद- 2500 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	80650	चांदी-	92300
सिक्का-	10500	गिन्नी-	60295

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 18 जनवरी, 2024

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, कार्य व्यवसाय में उन्नति, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, शिक्षा प्रतियोगिता में अनुकूलता।
वृषभ-आज रात्रि 9/29 बजे तक कठिनाइयां, कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शेष समय बेहतर, परोपकार की भावना जागृत, कार्य बनने को, यात्रा।
मिथुन- आज रात्रि 9/29 बजे तक लाभ का सुयोग, स्वाध्याय की ओर रुझान, धर्म-अध्यात्म में आस्था, शेष समय अशुभ, सफलता में संदेह, आय में न्यूनता।
कर्क- स्वास्थ्य अनुकूल, इच्छित कार्यों में प्रगति, आत्मबल में वृद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, विवादास्पद मसला सुलझने को, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, मन प्रसन्न।
सिंह- इच्छित कार्यों में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा का सुयोग।
कन्या-आज रात्रि 9/29 बजे तक प्रतिकूलता, उलझनें उपस्थित, कार्यों में गतिरोध, हानि की आशंका, शेष समय आशाजनक, सफलता, पठन-पाठन में रुचि।
तुला- आज रात्रि 9/29 बजे तक अनुकूलता, स्वास्थ्य में सुधार, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, शेष समय में स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्य क्षमता में कमी, गलतफहमी।
वृश्चिक- अभिलाषा की पूर्ति, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन सुखमय।
धनु- चिरवांछित कार्यों में प्रगति, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, लाभ की स्थिति।
मकर- आज रात्रि 9/29 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कठिनाइयां प्रभावी, लाभ में कमी, शेष समय बेहतर, आत्म-संयम से कार्यसिद्धि, पठन-पाठन में रुचि।
कुम्भ- आज रात्रि 9/29 बजे तक आर्थिक व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शेष समय आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में असन्तोष, अकारण भ्रमण।
मीन- ग्रहस्थिति भाग्य पक्ष में, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा
मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

थाने-तहसीलों में भ्रष्टाचार पर संजीव बालियान को जनता का साथ

युवा भाजपाइयों ने की मांग-भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम कसें योगी, कहा-हम संजीव बालियान के साथ खड़े

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। शुक्रवार को बुढ़ाना में युवाओं ने मुजफ्फरनगर प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध हुंकार भरते हुए कहा कि वे हर तरह से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक के बुढ़ाना स्थित आवास एक बैठक हुई। जिसमें बुढ़ाना व कई गांवों के युवा शामिल हुए। बैठक का विषय यूपी में बेलगाम अफसरशाही था। जिसमे मोनू मलिक ने कहा कि अगर पिछले कुछ दिनों की ही बात करें तो मुजफ्फरनगर लोकसभा से 2 बार के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर संजीव बालियान प्रकरण से तो सब अवगत ही होंगे पर मैं बात करुंगा बीते कल की कि किस तरह से प्रयागराज में यूपी भाजपा एससी मोर्चे के कोषाध्यक्ष को एक थाने में इस तरह से पीटा कि उनके शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। ये बेलगाम अफसरशाही आखिर भाजपाईयों के ऊपर कब तक चलेगी। यूपी की अफसरशाही केवल मनगढ़ंत कहानी नहीं है बल्कि इसके साक्षात हजारों प्रमाण हैं और रोज प्रमाण मिलते हैं

लेकिन इस पर एक्शन लेने की पैरवी करने के बजाय एक सन्यासी जो मुख्यमंत्री हैं उस निष्पक्ष आदमी को भी कुछ बैपेंदी के लोटे जातियों में घेर लेना चाहते हैं। विषय बस इतना है कि जब 2 बार का संसद व 10 वर्ष केंद्र में मंत्री रहने वाले व्यक्ति विधायक व प्रदेश स्तर के लोग अपमानित हो रहे हैं तो सामान्य कार्यकर्ता की क्या दशा होगी इस पर विचार हो। योगी ऐसी अफसरशाही पर कुछ तो लगाम लगाएं। 19 जनवरी को मंसूरपुर में जो पंचायत हो रही है उसमें बुढ़ाना क्षेत्र से 3 हजार युवा जाएंगे। यहां भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, भाजपा नेता अंकुश राठी, अनुज राठी एडवोकेट, सचिन राणा, सोनू, शिवम निवेश, पारुल चौधरी, जितेंद्र पाल, राम नरेश, विनोद पाल, आर्यन बालियान, तेजिंद्र पाल व विपुल तोमर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खानूपुर पंचायत को अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन ने भी दिया समर्थन

खतौली, 17 जनवरी (बु.)। मन्सूरपुर क्षेत्र में मन्दिर के जमीनी विवाद को लेकर आगामी 19 जनवरी को आहुत पंचायत में अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा भी आपसी भागीदारी लेने की घोषणा की गयी है। संगठन ने इसमें सभी ग्राम प्रधानों से एकजुटता के साथ भागीदारी करने की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार खतौली ब्लॉक कार्यालय पर शुक्रवार को अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा आयोजित ग्राम प्रधानों की बैठक में मन्सूरपुर क्षेत्र के गांव खानूपुर में मन्दिर की भूमि पर स्वरूप वेजिटेबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा किये जाने पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक में बताया गया कि उक्त भूमि मन्सूरपुर मिल कर्मचारियों द्वारा अपना एक दिन का वेतन देकर एक बैनामा ध्रुव प्रसाद पुत्र उजागर मल से एक बैनामा लक्ष्मी नारायण मन्दिर व सनातन धर्मशाला के वास्ते सन 1960 में लिया गया था, जिस पर स्वरूप वेजिटेबल प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सन 2003 में एक फर्जी आदेश कराकर तहसील में अपना नाम दर्ज करा लिया गया, जबकि उक्त भूमि पर सन 1960 से गांव खानूपुर पंचायत का कब्जा रहा है। उक्त जमीन पर जो भी निर्माण कार्य हुआ है, वह खानूपुर ग्राम पंचायत द्वारा ही किया गया है। ग्राम प्रधान संगठन की बैठक में सर्व सम्मति से मन्सूरपुर क्षेत्र में आगामी 19 जनवरी को आहुत पंचायत में अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा हिस्सेदारी लेने पर सहमति व्यक्त की गई है। बैठक में अशोक राठी प्रधान, जितेन्द्र चौधरी, राजीव कुमार आदि अनेक ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

प्रधान संगठन ने की अपील-19 जनवरी को खानूपुर पहुंचे सभी ग्राम प्रधान

मंदिर में चोरी कर रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचकर पीटा

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। मंदिर में चोरी करने वाले एक चोर को पुजारी ने शोर मचाकर ग्रामीणों की मदद से दबोचते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। इससे पहले ग्रामीणों ने चोर की पिटाई भी की। पुलिस ने चोर से पूछताछ शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार के दिन गांव अलीपुर अटेरना में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी निखिल गिरी और भाजपा नेता नन्दन कश्यप द्वारा मन्दिर से चोरी करने वाले नद्दू पुत्र बट्टी बसीर निवासी ग्राम उमरपुर हाल निवासी नदी पार नई बस्ती कस्बा बुढ़ाना को चाकू के साथ पकडकर बुढ़ाना कोतवाली लाया गया। जिसको नियम अनुसार बुढाना पुलिस द्वारा हिरासत मे लेकर वैधानिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया गया है।

गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश को भेजा जेल

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को आज शुक्रवार के दिन गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज संदीप कुमार ने एक खास मुखबिर की सटीक सूचना पर गैगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त वाजिद पुत्र महबूब निवासी ग्राम हुसैनपुर कलां को उसके मकान से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उल्लेखनीय है कि बीते कल भी बुढ़ाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में ही वांछित चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

उम्मीद से अधिक धीमी हो गई भारत की आर्थिक विकास दर

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि औद्योगिक गतिविधियों में उम्मीद से अधिक गिरावट आने के कारण भारत में आर्थिक विकास धीमा हो गया है और साल 2026 तक 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है। आईएमएफ ने अपने 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' के ताजा अपडेट में कहा, भारत की विकास दर 2023 में 8.2 फीसदी थी, जो 2024 में घटकर 6.5 फीसदी हो गई। यह गिरावट औद्योगिक गतिविधियों में उम्मीद से अधिक मंदी के कारण आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर 2025 और 2026 में वैश्विक विकास दर 3.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो पिछले 20 वर्षों के औसत से 3.7 फीसदी कम है। 2025 के लिए अनुमान में कोई खास बदलाव नहीं आया है, क्योंकि अमेरिका की विकास दर में वृद्धि के कारण अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की मंदी को संतुलित किया गया है। इसमें आगे कहा गया, औद्योगिक गतिविधियों में उम्मीद से अधिक गिरावट के कारण भारत की विकास उम्मीद से अधिक धीमी हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक महंगाई 2025 में 4.2 फीसदी और 2026 में 3.5 फीसदी तक घटने का अनुमान है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में यह पहले घट सकती है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं में इसे घटने में अधिक समय लगेगा।

बांग्लादेश, कनाडा में राजनीतिक उठापटक पर भारत की नजर

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। बांग्लादेश की स्थिति पर, विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हमारे विदेश सचिव ने दौरा किया था, जिसमें हमने कहा था कि हम सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं...हम चाहते हैं कि भारत-बांग्लादेश संबंध बांग्लादेश और भारत के लोगों के लिए अच्छे हों'। बांग्लादेश के साथ मौजूदा सीमा स्थिति पर, विदेश मंत्रालय ने कहा कि, 'हमने अपनी स्थिति बहुत स्पष्ट कर दी है। हमने कार्यवाहक, उप-कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया था और सीमा बाड़ लगाने पर अपनी स्थिति बहुत स्पष्ट कर दी थी। हम सीमा पार आपराधिक गतिविधियों, तस्करी और मानव तस्करी, कांटेदार तार की बाड़ लगाने, सीमा पर प्रकाश व्यवस्था, जैसे उपायों को प्रभावी करके बांग्लादेश के साथ अपराध मुक्त सीमा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनका उद्देश्य सीमा को सुरक्षित करना है।

सीएम डैशबोर्ड में 51वें स्थान पर पहुंचा जनपद

जनपद मुजफ्फरनगर की रेवेन्यू में 59वीं व डेवलपमेंट में आयी 34वीं रैंक

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड को लेकर हुई समीक्षा में मुजफ्फरनगर जनपद की स्थिति काफी खराब रही है। दिसम्बर माह की समीक्षा में जनपद की प्रदेश में 51वीं रैंक आयी है। इस बार अफसरों द्वारा विभिन्न कार्यों में लापरवाही बरती है, जिस कारण जनपद इस बार टॉपटेन सूची से बाहर हो गया। वहीं मुजफ्फरनगर रेवेन्यू में 59वीं और डेवलपमेंट में 34वीं रैंकिंग पर है, जबकि अक्टूबर माह में जनपद 7वें स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्तर से प्रदेश में अनुश्रवण के लिए एक केन्द्रीयकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया। इस पोर्टल को सीएम डैशबोर्ड नाम दिया गया। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के साथ विभागीय योजना-परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अफसरों के प्रदर्शन के आधार पर

इन्होंने कहा-
डीएसटीओ ज्योति प्रजापति ने बताया कि लखनऊ स्तर पर सीएम डैशबोर्ड को लेकर दिसम्बर माह की समीक्षा में मुजफ्फरनगर जनपद 51वें स्थान पर आया है। वहीं रेवेन्यू में जनपद की 59वीं और डेवलपमेंट में 34वीं रैंक आयी है।

उनकी रैंकिंग तय की जा रही है। संबंधित विभाग द्वारा इस पोर्टल पर अपने आंकड़े भरे जाते है। सीएम डैशबोर्ड करीब 60 मापदंडों पर आधारित है, जिसमें विकास व राजस्व आदि के आंकडे भी दिए जाते है। प्रदेश में विभिन्न विभागों की सेवाओं व योजनाओं आदि को ऑनलाइन इंटीग्रेट करते हुए मुख्यमंत्री के अवलोकनार्थ तैयार किया जाता है। सीएम डैशबोर्ड की हर माह समीक्षा होती है। दिसम्बर माह की समीक्षा में जिला मुजफ्फरनगर पूरे प्रदेश में 51वें स्थान पर आया है। इससे पूर्व सीएम डैशबोर्ड को लेकर सितम्बर एवं अक्टूबर माह में जनपद की स्थिति अच्छी रही। इन दोनों माह में जनपद टॉपटेन की सूची में रहा है। सितम्बर माह में जनपद की प्रदेश में 5वीं रैंक आयी थी। वहीं रेवेन्यू में 6वीं और डेवलपमेंट में 17वीं रैंकिंग थी। जबकि अक्टूबर माह में सातवीं रैंक आयी थी।

टूटे मार्ग की हालत हुई बहुत ही खराब, लग रहा गंदगी का अंबार, बच्चे फिसलकर हो रहे घायल

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र की सफीपुर पट्टी की एक गली का तो बहुत ही बुरा हाल है। इस गली से गुजरने वाले बच्चे और वृद्ध फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम प्रधान भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं और समाजसेवा का ढोंग रचने वाले भी नदारद हैं। प्रशासन से खस्ताहाल गली के निर्माण की मांग किसान सेना के जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार ने की है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी बताया कि बुढाना ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पट्टी के वार्ड नंबर 07 और 08 के बीच वाली गली का तो वास्तव में बहुत ही बुरा हाल है। इस गली की सड़क पर गंदगी का अंबार जगह जगह पर लगा हुआ है। इस मोहल्ले के गफ्फार कुरैशी से लेकर मेहरबान मनिहार के मकान तक तो उक्त सड़क का हाल बहुत ही बेहाल है। संबंधित अधिकारी भी इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि प्रशासन को इस और भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि यहां पर कई बार औरतें, वृद्ध और बच्चे फिसलकर गिर चुके हैं और उनको चोट भी लग गई है। जिला प्रभारी मुरसलीन कस्सार ने प्रशासन से मांग की है कि इस रास्ते को सही तरीके से बनवाना जनहित में बहुत जरूरी है। अगर अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं देते तो सैंकडो ग्रामीण किसी भी दिन तहसील का घेराव करके प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



साईं और संतोषी मां की पूजा न करें हिंदूः शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद

प्रयागराज, 17 जनवरी (एजेंसी)। साईं और संतोषी माता की पूजा सनातनियों के लिए नहीं हैं। यह दोनों अपूज्य हैं। इसलिए इनकी पूजा करके हिंदू खुद का अहित न करें। महाकुंभ में चल रही परमधर्म संसद में ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने परमधमार्देश जारी करते हुए ये बात कही।
परमधर्म संसद में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि देवताओं के मंदिरों में भी साईं और संतोषी माता की पूजा की जा रही है। वेदों और पुराणों में इनका कहीं भी प्रमाण नहीं मिलता है। वर्तमान समय में हिंदुओं में यह बीमारी तेजी से बढ़ी है। लालच और बहकावे में आकर हिंदू समाज के लोग इनकी पूजा करने लगे हैं जो कि अनुचित है।
परमधर्मसंसद यह परमधमार्देश पारित करती है कि हमारे वेदों में एक ही उपास्य देवता हैं। वह सच्चिदानन्दघन परब्रह्म हैं। उनके असंख्य स्वरूप हैं। 33 कोटि देवता कहने पर ही पांच कोटि के देवताओं का ग्रहण होता है। 12 आदित्य अर्थात सूर्य, आठ वसु अर्थात पोषक विष्णु, 11 रुद्र अर्थात संहारक शिव, युग्म देवता अश्विनी कुमार अर्थात निग्रहानुग्रहकर्ता देवता हैं। यही पंचदेवता अपने असंख्य नामों, रूपों लीला,धामों में पूज्य होकर हमारी पूजा उस एक उपास्य देव तक पहुंचाते हैं। डॉ. गार्गी पंडित ने उपास्य देवताओं पर चर्चा की। इसके बाद साध्वी गिरिजा गिरि, चंद्रानंद गिरि महाराज, जितेंद्र खुराना और आचार्य कमलाकांत त्रिपाठी ने चर्चा में भाग लिया।

यूपी पुलिस ने लॉन्च की अपनी साइबर सुरक्षा वेबसाइट

डीजीपी बोले-आम लोगों को मिलेगी सुरक्षा, संसाधन तथा सेवाओं की जानकारी

लखनऊ, 17 जनवरी (एजेंसी)। यूपी की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को यूपी पुलिस की तरफ से साइबर वेबसाइट लॉन्च की गई। डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को साइबर क्राइम मुख्यालय द्वारा तैयार उप्र पुलिस की साइबर वेबसाइट को लॉन्च किया। इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि यह वेबसाइट एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन प्लेटफार्म है, जो आम लोगों और पुलिस को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी, संसाधन व सेवाएं देने के लिए तैयार की गई है। इसे प्रदेश पुलिस की वेबसाइट से भी लिंक किया गया है। डीजीपी ने कहा कि साइबर क्राइम से निपटने के लिए सभी जिलों में साइबर क्राइम थाना खोला गया है और हेल्पडेस्क की स्थापना भी की गई है। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इससे निपटने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की आवश्यकता है। प्रदेश पुलिस के पास संसाधन व मैन पावर की कमी नहीं है। इनके माध्यम से साइबर क्राइम से बेहतर तरीके से निपट सकते हैं। इस अवसर पर डीजीपी मुख्यालय में तैनात तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। इस वेबसाइट की मदद से साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने व शिकायत दर्ज करने, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केंद्र की वेबसाइट का लिंक, साइबर अपराध शिकायत की

स्थिति जानने, मोबाइल के खोने या चोरी होने पर नंबर को ब्लॉक कराने, संदिग्ध तथा धोखाधड़ी वाली कॉल को रिपोर्ट करने आदि की सुविधा मिलेगी। वेबसाइट पर साइबर जागरूकता से संबंधित सामग्री देखने, वित्तीय अनियमिताओं संबंधी शिकायत, विदेश भेजने वाले वैध व अवैध भर्ती एजेंटों की जानकारी भी होगी। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म संबंधी शिकायतों और महाकुंभ की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा सभी 75 जिलों के साइबर नोडल (राजपत्रित अधिकारी) और सभी साइबर क्राइम थानों के प्रभारी निरीक्षकों के मोबाइल नंबर व मेल आईडी प्राप्त किए जा सकेंगे।

पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक मामलाः 25 आरोपियों के खिलाफ वारंट

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। तीन साल पहले पंजाब दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक मामले मामले की जांच कर रही पंजाब पुलिस ने 25 आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। बड़ी बात यह कि मामले में पुलिस ने इन 25 आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा-307 हत्या के प्रयास सहित 6 अन्य धाराएं जोड़ी हैं, जो इस केस को मजबूत बनाती हैं। हत्या का प्रयास सहित अन्य गैर जमानती धाराएं जोड़ने के बाद से पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छानबीन कर रही है। मामले में गठित तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की जांच रिपोर्ट के आधार पर आईपीसी की धारा-307 (हत्या का प्रयास), 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वाहन करने में बाधा डालने), 341 (जबरन किसी व्यक्ति का साजिश के तहत रास्ता रोकना), 186 (किसी लोक सेवक के सार्वजनिक निर्वाहन में बाधा डालने), 149 (गैर कानूनी तरीके से कहीं एकजुट होना) और 8-बी नेशनल हाईवे एक्ट के तहत धाराएं जोड़ी

गई हैं। 5 जनवरी 2022 को पीएम मोदी फिरोजपुर में एक रैली को संबोधित करने के लिए सड़क मार्ग के जरिये आ रह थे। इसके बाद उन्हें पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का उद्घाटन करने भी जाना था, लेकिन रास्ते में घल खुर्द तहसील के नजदीक गांव पियाराना के पास बने फ्लाईओवर पर कई लोग एकजुट हो गए। ऐसे में पीएम मोदी को करीब आधे घंटे तक फ्लाईओवर पर रहना पड़ा था। उस समय दिल्ली लौटने से पहले पीएम मोदी ने पंजाब के अधिकारियों से कहा था कि अपने सीएम को धन्यवाद कहना कि मैं बठिंडा एयरपोर्ट तक जिंदा लौट पाया। तब राज्य में चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में थी। पुलिस ने 6 जनवरी 2022 को पहले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान 26 लोगों को पुलिस ने चिह्नित किया, जो उस समय भीड़ में पीएम मोदी के काफिले को रोकने के लिए सड़क पर एकजुट हुए थे। इन 26 लोगों में भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी और क्रांतिकारी पेंडू मजदूर यूनियन के किसान नेता व समर्थक शामिल थे, जिसमें प्रमुख तौर पर बलदेव सिंह जीरा महासचिव बीकेयू क्रांतिकारी का नाम शामिल है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक मामले में पंजाब सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी जांच कर रही है। जांच के लिए पंजाब मानवाधिकार आयोग के चेयरमैन सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति संत प्रकाश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच समिति की ओर से दोषी ठहराए जाने के लगभग तीन साल में सरकार ने यह कदम उठाया है। दोषी अधिकारियों में पूर्व डीजीपी एस चट्टोपाध्याय, तत्कालीन फरीदकोट के डीआईजी इंद्रबीर सिंह और तत्कालीन फिरोजपुर एसएसपी हरमबीर सिंह हंस शामिल हैं।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कार की टक्कर से तेंदुए की हुई मौत

मेरठ, 17 जनवरी (एजेंसी)। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े नौ बजे काशी टोल प्लाजा के पास कार की चपेट में आकर तेंदुए की मौत हो गई। पुलिस और वन विभाग की टीम ने तेंदुए का शव कब्जे में लिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद वन विभाग उसकी अंत्येष्टि कराएगा। नेशनल टाइगर अथॉरिटी की टीम की देखरेख में पूरी प्रक्रिया होगी। टोल कर्मियों ने बताया कि मेरठ से दिल्ली की ओर जा रही कार से तेंदुए की टक्कर हुई। तेंदुए को देखकर लोगों ने वाहन रोक लिए और वीडियो बनाने लगे। सूचना पर वन विभाग की ओर से रेंज ऑफिसर रिठानी मदन और मेरठ रेंज से रवि राणा मौके पर पहुंचे। उन्होंने तेंदुए की जांच पड़ताल की। तेंदुआ एक वयस्क नर है, जिसकी उम्र करीब 4-5 साल के बीच है। शव को वन विभाग की टीम की ओर से कब्जे में ले लिया गया है। डीएफओ राजेश कुमार ने तेंदुए की मौत पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि नेशनल टाइगर अथॉरिटी को सूचना दे दी गई है।

कर्नाटक में सहकारी बैंक से बदमाशों ने की 12 करोड़ की लूट

मंगलुरू, 17 जनवरी (एजेंसी)। कर्नाटक के मंगलूरू में शुक्रवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे के बीच हथियारबंद नकाबपोश लुटेरों ने एक सहकारी बैंक से लगभग 10 से 12 करोड़ रुपये का कीमती सामान लूट लिया। यह घटना मंगलूरू के कोटेकर सेवा सहकारी बैंक में हुई।
एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पिस्तौल, तलवार और चाकू समेत हथियारों से लैस होकर बैंक में 5 से 6 नकाबपोश दाखिल हुए। उनकी उम्र 25 से 35 साल है। लुटेरों ने हिंदी और कन्नड़ में बात करते हुए कर्मचारियों को धमकाया और उन्हें सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान वाली तिजोरी खोलने के लिए मजबूर किया। वे नकदी और आभूषण लेकर नीली फिएट कार में भाग गए। पुलिस ने बताया कि घटना के समय बैंक में चार से पांच कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन कोई सुरक्षा गार्ड ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, बैंक से लूटी गई नकदी एवं आभूषण की कीमत 10 करोड़ से 12 करोड़ रुपये के बीच है, हालांकि अभी विस्तृत आकलन नहीं हुआ है। गौरतलब है कि इसके पहले बृहस्पतिवार को कर्नाटक के सबसे उत्तरी जिला मुख्यालय बीदर में बाइक सवार दो अज्ञात हथियारबंद लुटेरों ने दो सुरक्षा गार्डों की गोली मारकर हत्या कर द

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो

कल नयी दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन हुआ। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 22 जनवरी तक चलेगा। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया। 06 दिन तक चलने वाले इस इवेंट में देश-विदेश की 34 ऑटोमोबाइल कंपनियों के 100 से अधिक व्हीकल्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आम लोगों के लिए ऑटो एक्सपो के दरवाजे 19 जनवरी से 22 जनवरी के बीच खुले रहेंगे। इसमें अलग-अलग जगह पर अलग-अलग कारों के मॉडल देखने को मिलेंगे। यह भारत मोबिलिटी का दूसरा और ऑटो एक्सपो मोटर शो का 17वां एडिशन है। प्रधानमन्त्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के मोटर वाहन उद्योग में पिछले साल 12 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई और साथ ही साथ भारत का निर्यात भी बढ़ा है। उन्होंने कहा,भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें कि जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।बढ़ता मध्यम वर्ग, तेजी से हो रहा शहरीकरण और किफायती वाहन भारत में मोटर वाहन क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। भारत में बैटरी भंडारण प्रणाली में निवेश करने का यह सही समय है। कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव भी था। पिछले साल के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाईवे का, एक्सप्रेस वे का जाल बिछ रहा है। कई देशों की आबादी से ज्यादा यहां गाड़ियां बिक रही है। उन्होंने कहा, भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें कि जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है। यह भारत का सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो है। यह एक्सपो नयी दिल्ली में भारत मंडपम और यशोभूमि के अलावा ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में तीन अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमन्त्री ने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। पीएलआई योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत आकांक्षा से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है। यही आकांक्षा हमें भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है। बीते साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है। भारत में बनाओ, विश्व के लिए बनाओ के मंत्र पर चलते हुए अब निर्यात भी बढ़ रहा है। विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। प्रधानमन्त्री ने कहा कि एक साल में करीब 2.5 करोड़ कारों की बिक्री से पता चलता है कि भारत में मांग कितनी तेजी से बढ़ रही है। यात्री वाहन बाजार की बात करें, तो हम दुनिया में तीसरे स्थान पर हैं। यात्रा की सुगमता अब भारत की बड़ी प्राथमिकता हैं। नयी राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति के कारण भारत दुनिया का सबसे प्रतिस्पर्धी लॉजिस्टिक देश बनने जा रहा है। प्रधानमन्त्री ने अपने संबोधन में भारत के ऑटो सेक्टर में टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष रत्न टाटा और सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी के योगदान को भी याद किया। पिछले मोबिलिटी एक्सपो में अपने कथन को याद करते हुए प्रधानमन्त्री ने कहा कि पिछली बार जब वह एक्सपो में आए थे, तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान आपके सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी 'भारत मोबिलिटी एक्सपो' में जरूर आऊंगा। उन्होंने कहा कि देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया। प्रधानमन्त्री ने कहा कि इस वर्ष भारत में मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया। 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। आने वाले 5-6 दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे। अनेक नयी गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं। ये दिखाता है कि भारत में गतिशीलता के भविष्य को लेकर कितनी सकारात्मकता है। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 आटोमोबाइल और संबंधित व्यापार में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन बन गया है। संपूर्ण एंड-टू-एंड मूल्य श्रृंखला एक साथ आ गई है। देश को प्रधानमन्त्री मोदी के विजन का लाभ मिल रहा है। भारत आज तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों का सबसे बड़ा निर्माता है। भारत वैश्विक स्तर पर दोपहिया वाहनों का सबसे बड़ा बाजार है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 भारतीय आटोमोबाइल उद्योग में नवीनतम प्रगति को प्रदर्शित करता है, जिसमें पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकी और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों पर जोर दिया जाता है। स्वच्छ परिवहन की आवश्यकता पहले कभी इतनी जरूरी नहीं थी। टिकाऊ परिवहन समाधानों को अपनाकर हम सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण योगदानकर्ताओं में से एक है। वर्तमान में यह वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल बाजार है, यह राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 7 प्रतिशत उत्पन्न करता है और 3.7 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है।

चार मोती

सुनील उत्सव

'पानी' 'इन्सान' 'शबनम' 'कलम'

चारों तरफ है खूब तरक्की, लेकिन पानी दूषित सा है,
कैसी है इन्सान की लीला, अब तो मैली सी शबनम है।
अर्पण को लिखता है अरपन, और ऋषि को लिखता र से,
दानव खुद को मानव समझे, जाहिल के हाथों में कलम है।

रस्म पगड़ी

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ।
हानि–लाभ, जीवन–मरण, यश अपयश विधि हाथ।।

श्रीमति शांति देवी

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारी पूज्यनीय श्रीमति शांति देवी जी
दिनांक 16-1-2025, दिन- बृहस्पतिवार को अपनी सांसारिक यात्रा
पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गयी हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म पगड़ी दिनांक 18-01-2025
दिन-शनिवार को 2:00 से 3:00 बजे अपराह्न
श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम गली नं.11
मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

शोकाकुल परिवार

दर्शन चावला-कंचन चावला (पुत्र-पुत्रवधू)
राजेन्द्र चावला- कविता चावला (पुत्र-पुत्रवधू)
सुनील चावला-आशु चावला (पुत्र-पुत्रवधू)
सुरभि अरोरा- अरविंद राय अरोरा (पुत्री-दामाद)
पुनीत चावला-अदिति चावला (पौत्र-पौत्रवधू)
अंकित चावला-महक चावला (पौत्र-पौत्रवधू)
अनमोल चावला-निधि चावला (पौत्र-पौत्रवधू)
ऋचा-सागर (पौत्री-दामाद)
शिवि-पुनीश (पौत्री-दामाद)
आस्था-आयुष (पौत्री-दामाद)
महिमा-दीपांशु (पौत्री-दामाद)
सिमरन-लक्ष्य (पौत्री-दामाद)
आरूष, तनुष, कविश
अविश, निर्वेद (प्रपौत्र)

निज निवास स्थानः- म.न. 205, आनंद विला,
गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
M.: 9837574676, 9997291887, 9675351755

254 विद्युत बकायेदारों के कटे कनेक्शन, मचा हड़कंप

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। स्थानीय विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने शुक्रवार के दिन एक भेंट के दौरान मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बकायेदारी में 254 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए और करीब 16 लाख रुपए का राजस्व भी वसूला गया। उन्होंने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना के दूसरे चरण की अवधि आगामी 22 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। अधिक छूट पाने के लिए उपभोक्ता अपने बकाया बिल 22 जनवरी तक जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बुढ़ाना क्षेत्र से बकायेदारी में 254 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। शुक्रवार को बकायादारों से करीब 16 लाख रुपए राजस्व की वसूली भी की गई है, जिसमें 168 उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा करवाने के लिए पंजीकरण करवाया है। इस योजना के अंतिम चरण में उपभोक्ताओं को सबसे कम छूट मिलेगी।

गाँधी कॉलोनी को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के पवन छाबड़ा अध्यक्ष व ओम प्रकाश उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। गांधी कालोनी स्थित गांधी वाटिका में गांधी कॉलोनी हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर संपन्न हुए चुनाव में पवन छाबड़ा अध्यक्ष व ओमप्रकाश उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुन लिए गए। गुरूवार को गांधी कॉलोनी हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के सदस्यों के चुनाव संपन्न हुए थे, जिसमें वार्ड 9 पर एससी आरक्षित होने के कारण कोई नामांकन नहीं आने से चुनाव नहीं हो पाया था। बाकी सभी 8 वार्डों पर चुनाव के बाद मतगणना के दौरान वार्ड 6 पर गहमा-गहमी के बीच पुलिस को भी आना पड़ा था। शुक्रवार को यहां अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर होने वाली चुनाव प्रक्रिया के बीच अध्यक्ष पद पर पवन छाबड़ा व उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश के सामने तय समय सीमा में कोई अन्य प्रत्याशी न होने के कारण दोनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। गांधी कालोनी को-ऑपरेटिव हाउसिंग

सोसाइटी के 7 सदस्य पद पर चुनाव के लिए मतदान और मतगणना में दो वार्ड में उम्मीदवारों को समान वोट मिलने के कारण लाटरी खोलकर जीत-हार का फैसला किया गया। वहीं वार्ड 5 में बलजीत कौर अकेली प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित हुई थी। इसके अलावा उक्त सोसाइटी में विजय कुमार, गुलशन बाठला, बलजीत कौर, नीलम सिंधी व कांता रानी विजयी हुए थे। शुक्रवार को संपन्न हुई अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर के चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद चुनाव अधिकारी कमलेश बाबू ने पवन छाबड़ा को अध्यक्ष व ओमप्रकाश अरोरा को उपाध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र सौंपते हुए बधाई दी। प्रमाण पत्र मिलते ही समर्थकों ने ढोल नगाड़े के साथ पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। अध्यक्ष पद पर पवन छाबड़ा व उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश के निर्वाचित होने पर समर्थकों ने एक-दूसरे को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। गांधी कॉलोनी हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसायटी के अध्यक्ष पद पर पवन छाबड़ा दूसरी बार अध्यक्ष बने हैं।

पीएम मोदी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में दिया 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में छह दिवसीय भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 7सी मोबिलिटी सॉल्यूशन दिया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7सी के विजन की चर्चा की थी। हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशंस ऐसे हों, जो कॉमन हों, कनेक्टेड हों, कन्वीनिएंट हों, कंजेशन फ्री हों, चार्ज्ड हों, क्लीन हों और कटिंग एज हों। ग्रीन मोबिलिटी पर हमारा फोकस इसी विजन का हिस्सा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज हम एक ऐसे मोबिलिटी सिस्टम के निर्माण में जुटे हैं, जो इकोनॉमी और इकोलॉजी दोनों को सपोर्ट करे। एक ऐसा सिस्टम हो जो फॉसिल फ्यूल के हमारे इंपोर्ट बिल को कम करे। आज ग्रीन टेक्नोलॉजी, ईवी, हाइड्रोजन फ्यूल, बायो फ्यूल टेक्नोलॉजी के डेवलपमेंट पर हमारा काफी फोकस है। नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन और ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जैसे अभियान इसी

विजन के साथ शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को लेकर भारत में बहुत तेज ग्रोथ देखी जा रही है। बीते दशक में भारत में ईवी की बिक्री में 640 गुना की बढ़ोतरी हुई है। दस साल पहले जहां एक साल में सिर्फ 2,600 के आस-पास ईवी बिके थे, वर्ष 2024 में 16,80,000 से ज्यादा ईवी बिके हैं यानी दस साल पहले जितने इलेक्ट्रिक व्हीकल पूरे साल में बिकते थे और उससे भी दोगुने ईवी एक दिन में बिक रहे हैं। अनुमान है कि इस दशक के अंत तक भारत में ईवी की संख्या आठ गुना तक बढ़ सकती है। ये दिखाता है कि इस सेगमेंट में आपके लिए कितनी ज्यादा संभावनाएं बढ़ रही हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे बताया कि भारत आज दुनिया की पांचवी बड़ी इकोनॉमी है। पैसेंजर व्हीकल मार्केट के रूप में देखें तो हम दुनिया में नंबर तीन पर हैं।

एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को सोल्डर रिफ्लेक्टर वितरित किए

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने कोहरे में हादसे से बचने के लिए पुलिसकर्मियों को सोल्डर रिफ्लेक्टर वितरित किए। रात्रि में ड्यूटी करने वाले यातायात व अन्य पुलिसकर्मियों को कोहरे व कम दृश्यता होने के कारण काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दुर्घटना होने का भी जोखिम रहता है। शुक्रवार को डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा पुलिसकर्मियों की सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन में यातायात, पिकेट, गश्त ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों को सोल्डर रिफ्लेक्टर वितरित किये। सभी पुलिसकर्मी रात्रि में ड्यूटी करते समय इन सोल्डर रिफ्लेक्टर को धारण करेंगे तथा इनकी लाईट जलाकर रखेंगे, जिससे रात्रि में दूर से ही पुलिसकर्मी दिखायी दें तथा दुर्घटना का जोखिम कम हो सके। घने कोहरे कम दृश्यता में भी ये सोल्डर रिफ्लेक्टर दूर से दिखायी देंगे, जिससे किसी को पुलिस की मदद की आवश्यकता होने पर वह दूर से पुलिस को पहचान सकता है। सोल्डर रिफ्लेक्टर जनपद के सभी पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

तालाब की भूमि पर जेसीबी चलवाकर अवैध अतिक्रमण को कराया गया ध्वस्त

चरथावल, 17 जनवरी (बु.)। क्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में तालाब की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत पर शुक्रवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा के निर्देश पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आईएएस चलुभ राजू आर के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम ने पुलिस टीम की मदद से बुलडोजर चलवाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। वहीं दोबारा अतिक्रमण पर कार्यवाही की चेतावनी दी। चरथावल विकासखण्ड के ग्राम कुल्हेड़ी में ग्रामीणों द्वारा खसरा नम्बर 1788 पर स्थित तालाब की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत की गई थी। शिकायत मिलने पर शुक्रवार को एसडीएम सदर निकिता शर्मा के निर्देश पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आईएएस चलुभ राजू आर के नेतृत्व में नायब तहसीलदार सुनील कुमार, कानूगो हितकर, प्रवीण गुप्ता, लेखपाल राम अवतार आदि गठित प्रशासनिक टीम ने पुलिस टीम के साथ मिलकर तालाब की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त करा दिया। प्रशासनिक टीम ने तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए दोबारा अतिक्रमण पर कार्यवाही की चेतावनी दी।

महालक्ष्मी एनक्लेव को जीरो वेस्ट कॉलोनी बनाने की पहल

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी सुनहरा कल की ओर से नगर क्षेत्र में स्थित महालक्ष्मी एनक्लेव को जीरो वेस्ट कॉलोनी व प्लास्टिक फ्री कॉलोनी बनाए जाने को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर एक बैठक आयोजित की, जिसमें कॉलोनी की महिलाओं को घर से निकलने वाले कूड़े को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करके पालिका के कूड़ा वाहन को देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही कॉलोनी को स्वच्छ बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई। कॉलोनी की महिलाओं द्वारा वार्ड सभासद व नगर स्वास्थ्य अधिकारी को इस बीच सफाई कर्मचारियों व माली की जरुरत को अवगत कराया। उनके द्वारा कर्मचारियों का प्रबंध किए जाने का अश्वासन दिया। उक्त बैठक में उपस्थित डोर टू डोर कलेक्शन कंपनी सैकेंड्री इंचार्ज कुलदीप पुंडीर ने प्रतिदिन कूड़ा वाहन कॉलोनी में प्रातः 8 बजे तक उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। डॉ. अतुल ने बताया कि जल्द ही कॉलोनी के प्रत्येक घर को पालिका द्वारा होम कंपोस्टर उपलब्ध कराया जाएगा जिसके माध्यम से महिलाएं स्वयं घर पर ही घर से निकलने वाले गीले कूड़े से खाद बनाकर घर की बागवानी में प्रयोग करेंगी। वहीं गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को आईटीसी सुनहरा कल से दीपक सैनी द्वारा कॉलोनी की महिलाओं का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील कुमार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली हानि के बारे में अवगत कराते हुए प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न कर कॉलोनी को प्लास्टिक मुक्त कॉलोनी बनाने हेतु सभी से अनुरोध किया, जिसमें सभी ने अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान वार्ड सभासद पति ललित कुमार, चीफ योगेश कुमार, सफाई इंस्पेक्टर प्लक्षा मैनवाल, डीपीएम सुशील कुमार, एसबीएम लिपिक आकाशदीप, रुचि शर्मा आईटीसी मिशन सुनहरा कल से अंकित खन्ना व दीपक सैनी एवं महालक्ष्मी एनक्लेव कॉलोनी से रेणु, मंजू, अनिता, राजकुमारी, अर्चना, रश्मि, यशोदा आदि मौजूद रही।

मजिस्ट्रीयल जांच में प्रस्तुत करें लिखित या मौखिक बयान

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। पच्चीस हजार के ईनामी अपराधी अभियुक्त अजय उर्फ अजयवीर उर्फ बादल पुत्र विनोद उर्फ ढाका निवासी ग्राम बसायज थाना जानसठ की बीते वर्ष 10 दिसम्बर 2024 को थाना बुढ़ाना क्षेत्रान्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर में एसओजी टीम व थाना बुढ़ाना पुलिस से हुई पुलिस मुठभेड़ में मृत्यु हो जाने की घटना की अब मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट बुढ़ाना द्वारा की जा रही है। उप जिलाधिकारी बुढ़ाना ने कहा है कि प्रकरण के संबंध में यदि घटना का चश्मदीद कोई व्यक्ति, जनसाधारण, सभासद या ग्राम प्रधान इत्यादि अपना लिखित या मौखिक बयान या जानकारी घटना के संबंध में देना चाहता है, तो वह 18 जनवरी, 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय या कार्यालय में उपस्थित होकर दे सकते है।

एसडीएम से अवैध मिट्टी खनन की शिकायत

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। एक युवक ने शुक्रवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम को एक शिकायती-पत्र देते हुए अवैध मिट्टी का खनन करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है। एसडीएम ने इस मामले में लेखपाल को जांच सौंपी है। मिली जानकारी के अनुसार खुर्शीद अली पुत्र शब्बीर निवासी कांधला रोड बुढ़ाना ने बताया कि वे मुस्लिम सैफी समाज से हैं। सैफी समाज के लुहसाना रोड बुढ़ाना पर कब्रिस्तान हैं। बुढ़ाना ब्लॉक की प्रमुख पाल्लो देवी द्वारा हमारे समाज के कब्रिस्तान तक सीसी रोड का निर्माण कराया गया था। कब्रिस्तान से आगे खनन माफियाओं द्वारा जेबीसी मशीन, डम्फर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाईड्रोली द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है, जिसके चलते वह सीसी मार्ग तोड़ दिया गया है, जिससे सरकारी सम्पत्ति का भी नुकसान हो गया है। पीड़ित ने अवैध मिट्टी खनन का कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। दूसरी ओर जब हमारे संवाददाता ने मौके पर जाकर देखा, तो अवैध खनन करने वाले लोगों ने लगभग पांच बीघा जमीन के एक टुकड़े को लगभग छह फुट से भी अधिक खोदकर अवैध मिट्टी खनन का कार्य किया हुआ है। मौके पर कोई खनन करने वाला तो नहीं मिला, लेकिन वाहनों के निशान, क्षतिग्रस्त मार्ग और छह फुट के गड्ढे अवैध खनन की कहानी बयां कर रहे थे।

अब 20 जनवरी को होगा जिले में संपूर्ण समाधान दिवस

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन राजस्व अनुभाग-4 के पत्र का हवाला देते हुए डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि 17 दिसम्बर (माह के तृतीय शनिवार) को आहूत होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस को स्थगित किये जाने के निर्देश दिए थे। अब 18 जनवरी को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अन्तर्गत देशभर में तैयार किए प्रापर्टी कार्ड यानि घरौनियों का इलेक्ट्रानिक वितरण नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से किया जाना है। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भौतिक रूप से भी घरौनी वितरण किया जाना संभावित है। इसके दृष्टिगत सम्यक विचारोपरांत संपूर्ण समाधान दिवस माह जनवरी के तृतीय शनिवार 18.01.2025 के स्थान पर सोमवार 20.01.2025 को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार 18 जनवरी के स्थान पर सोमवार 20 जनवरी को आयोजित किया जायेगा।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता

कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।

साक्षात्कार का समयः-
प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक

दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन

224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

सुरक्षित वाहन, बचाए प्राण, ट्रिपल राइडिंग ना करें : इंद्रजीत सिंह

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। मुजफ्फरनगर में मीनाक्षी चौक पर सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वाहन चालकों एवम जनपदवासियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को प्रेरित किया गया। नगर मे सड़क दुर्घटनाओं व जन हानि रोकने हेतु उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग एवम यातायात पुलिस, द्वारा आज नगर में मीनाक्षी चौक पर डीएम उमेश मिश्रा एवम पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन एवम पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल चौबे व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अजय कुमार मिश्र एवम सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुशील मिश्र के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा सम्बंधी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. राजीव कुमार, इन्द्रजीत सिंह यातायात प्रभारी एवम पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने वाले जागरूक वाहन चालकों को सम्मानित किया गया। जनपद मुजफ्फरनगर में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार एवम डॉ. राजीव कुमार द्वारा बालक / बालिकाओं के हित मे निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

शिक्षक-छात्र सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बुस.)। कंपोजिट विद्यालय नसीरपुर सदर में एडुलीडर टीम की जिला एडमिन मीरा शर्मा द्वारा विद्यालय में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए व उसी विद्यालय के एडूलीडर टीम के शिक्षकों का उनके द्वारा विद्यालय में की गई पेंटिंग कार्यशाला के उपलक्ष में एक विशाल शिक्षक-छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों को आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संतोष शर्मा (पूर्व चेयरमैन इनर व्हील), बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व खंड शिक्षा अधिकारी ध्यानचंद द्वारा मैडल और प्रशस्ति-पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों में छात्रों के द्वारा विद्यालय में बहुत सुंदर-सुंदर पेंटिंग बनाई गई है, जिस कारण विद्यालय अत्यंत आकर्षक हो गया है। सभी अधिकारियों द्वारा शिक्षकों और छात्रों के कार्य की बहुत अधिक प्रशंसा की गई और पूर्णतया सहयोग का आश्वासन दिया गया। सभी शिक्षकों का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग रहा। इस कार्यक्रम की संयोजिका मीरा शर्मा रही और कार्यक्रम में एंकरिंग का कार्य अंजू गौड़ (शिक्षिका) द्वारा किया गया। कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

कैफे में युवती संग बैठे युवक को दूसरे संप्रदाय का समझकर पीटा

बुढ़ाना, 17 जनवरी (बु.)। एक हिंदू संगठन के सहारनपुर मंडल के एक पदाधिकारी ने अपने कुछेक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक कैफे में अपनी प्रेमिका के संग बैठकर प्यार की पींगे बढ़ा रहे युवक को दूसरे संप्रदाय का समझते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। शिकायत होने पर बुढ़ाना पुलिस ने कानून को अपने हाथों में लेने वाले पदाधिकारी को पकड़कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार एक दलित युवक बीते दिन अपनी प्रेमिका के साथ बुढ़ाना कस्बे के पुलपार स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठकर प्यार की पींगे बढ़ा रहा था, तब इसकी भनक एक हिंदू संगठन के सहारनपुर मंडल के एक पदाधिकारी को यह लगी कि एक मुस्लिम युवक हिंदू धर्म की युवती के साथ है, तब इसको लव जिहाद बताते हुए कुछ पदाधिकारी मौके पर पहुंच गये और युवक की पिटाई शुरू कर दी। युवक ने बताया भी कि वह दलित है, लेकिन वे माने नहीं और उसको घायल कर युवती को भी धमकी देते हुए फरार हो गये। घायल युवक बुढ़ाना कोतवाली पहुंचा, तो पुलिस ने मामले की पड़ताल कर घायल युवक का मेडिकल कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र ने बताया कि युवक को पीटने वाले आरोपी पदाधिकारी को जेल भेज दिया गया है।

कार की टक्कर से महिला सहित बाइक चालक घायल

जानसठ, 17 जनवरी (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव अहमदगढ़ के पास खतौली-जानसठ मार्ग पर बुढ़ाना से जानसठ दवाई लेने आ रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएससी जानसठ भिजवाया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को बुढ़ाना थाना क्षेत्र के कस्बा बुढ़ाना निवासी 28 वर्षीय रवि कुमार पुत्र सुखबीर सिंह बाइक द्वारा अपनी पत्नी सुनीता के साथ शुक्रवार की दोपहर लगभग एक बजे अपने कस्बा बुढ़ाना से जानसठ दवाई लेने आ रहा था। जैसे ही वह लोग खतौली-जानसठ मार्ग पर गांव अहम

मुडा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिद्धारमैया की 300 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

बेंगलूरू, 17 जनवरी (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने मूडा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से जुड़े मुडा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगभग 300 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति जब्त की है। ईडी ने सिद्धारमैया की 140 से अधिक संपत्ति कुर्क की हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करीब 300 करोड़ रुपये की 140 से अधिक अचल संपत्तियां अटैच की हैं। संघीय एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि अटैच की गई संपत्तियां विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर पंजीकृत हैं, जो रियल एस्टेट व्यवसायी और एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर आरोप है कि उन्होंने मुडा द्वारा अधिग्रहित करीब 3 एकड़ जमीन के बदले अपनी पत्नी बीएम पार्वती के नाम पर 14 साइटों के लिए मुआवजा पाने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया था। यह भूमि मूल रूप से मुडा की ओर से 3 लाख 24 हजार 700 रुपये में अधिग्रहित की गई थी। पॉश इलाके में 14 साइटों के रूप में मुआवजे की कीमत 56 करोड़ रुपये है।' आरोप है कि पार्वती को मुआवजा स्थलों के अवैध आवंटन में पूर्व मुडा आयुक्त डी बी नटेश ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।

रूसी सेना में लड़ रहे 12 भारतीयों की गई जान, सौलह लापता

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध कई भारतीयों के लिए काल बन गया है। दरअसल, रूसी सेना में शामिल होकर यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहे 12 भारतीयों की जान चली गई है। इसके अलावा 16 लोग लापता हैं। इस बात की जानकारी भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि रूस ने भारत को सूचित किया है कि रूसी सेना में सेवारत 16 भारतीय लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूसी सेना में काम करने वाले 12 भारतीयों की अब तक मौत हो चुकी है। इस मामले पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "रूसी सेना में सेवारत भारतीय नागरिकों के 126 मामले सामने आए हैं। इन 126 मामलों में से 96 लोग भारत लौट आए हैं और उन्हें रूसी सशस्त्र बलों से छुट्टी दे दी गई है।" रणधीर जायसवाल ने कहा कि रूसी सेना में अठारह भारतीय नागरिक बचे हैं और उनमें से 16 व्यक्तियों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि रूसी पक्ष ने उन्हें लापता के रूप में वर्गीकृत किया है, हम उन लोगों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी की मांग कर रहे हैं, जो बचे हुए हैं। बता दें कि हाल के दिनों में रूसी सेना में शामिल एक केरल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। 32 वर्षीय बिनिल बाबू की मौत को विदेश मंत्रालाय ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास उनके पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द वापस भेजने के लिए रूसी पक्ष के संपर्क में है। वहीं, विदेश मंत्रालाय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि युद्ध में घायल हुए एक अन्य व्यक्ति का रूसी राजधानी में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि उनका इलाज पूरा होने के बाद वे भी जल्द ही भारत लौट आएंगे। इसी सप्ताह भारतीय विदेश में मंत्रालय ने कहा था कि उसने इस मुद्दे को रूसी सरकार के साथ मजबूती से उठाया है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बातचीत के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों की जल्द रिहाई का मुद्दा उठाया था। इसके अलावा पीएम मोदी ने पिछले साल अक्टूबर के महीने में कजान में हुए 16वें ब्रिक्स सम्मेलन में भी इस मुद्दे रूसी राष्ट्रपति के सामने उठाया था।

दिन में निकली धूप से मिली राहत, हवाओं ने दिनभर सताया

▶ बाजारों से घरों तक बढ़ी रही रौनक, धूप में बैठे लोग ▶ 18 से 22 जनवरी के बीच फिर से बारिश की बनी संभावना

मुजफ्फरनगर, 17 जनवरी (बु.)। दिल्ली-एनसीआर के साथ जनपद में अभी सर्द हवाओं के थपेड़ों और ठंड का प्रकोप कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच हालांकि शुक्रवार को दिन में निकली धूप से कुछ राहत मिली, लेकिन इस बीच जनपद में सुबह से ही ठंडी हवाएं चलती रही। सुबह जल्दी आसमान साफ होने पर धूप निकलने से बच्चों और बुजुर्गों ने धूप का इस बीच में आनन्द उठाते हुए ठंड से राहत महसूस की। वहीं शहर में बाजारों में भी इसका असर दिखाई दिया।

पहाड़ों पर जारी बर्फबारी के दौर के बीच मैदानी इलाकों में हुई बारिश का असर शुक्रवार में जनपद में दिखाई दिया। इस बीच सुबह आसमान साफ होने पर जल्द ही सूर्यदेव के दर्शन होने और धूप खिल जाने से लोगों को राहत मिली। धूप खिलने पर बच्चे व बुजुर्ग जहां छतों पर पहुंचकर धूप का आनन्द लेते दिखाई दिए। वहीं महिलाओं ने धूप में कपड़ों को धोने व उन्हें सुखाने के लिए अपनी प्रक्रिया शुरू कर दी। इस बीच हालांकि सुबह से ही ठंडी हवाएं चलने से पिछले कई दिनों से ठंड के आगोश में लिपटा हुआ जनपद राहत सी महसूस करता हुआ नजर आया। हालांकि शाम को फिर से ठंड का असर होने से लोग फिर से घरों में दुबकने को विवश हो गए। मौसम के बदले मिजाज के बीच जनपद में लोगों के बीमार होने के साथ ही बच्चे व बुजुर्गों को अपनी चपेट में जकड़ना शुरू कर दिया था, उसमें भी धूप निकलने पर लोगों को बड़ी राहत महसूस हुई और बड़ी संख्या में बच्चे गलियों व मैदानों में खेलते दिखे। महिलाओं ने जल्दी अपने घर के कामकाज निपटा ये और धूप में बैठी। वहीं इस बीच बाजारों में ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों में शहर का अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम पारा 9 डिग्री सेल्सियस के साथ गलन 92 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके साथ पश्चिमी विक्षोभ जो उत्तरी पाक व आसपास के इलाकों पर था,

अब उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों पर है। वहीं चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण केरल तट से दूर दक्षिण पूर्व अरब सागर के ऊपर है। उधर, ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 18 जनवरी से और दूसरा 22 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में पूरे मध्य प्रदेश और आंतरिक ओडिशा में न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिर गया। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 2 से 3 डिग्री गिरावट हुई। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तट पर हल्की बारिश हुई। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, वेस्ट यूपी और पश्चिम मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में छिटपुट बारिश और बर्फबारी संभव है। वहीं 18 से 22 जनवरी के बीच पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 21 से 22 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में बारिश और आंधी आ सकती है। अगले 2 दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है और उसके बाद बढ़ने के आसार हैं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में रात और सुबह के समय घने से बहुत घना कोहरा छाए रहने का अनुमान है।

मां ने किया दुधमुंही बच्ची का कत्ल, कब्रिस्तान जाकर दफनाया

साहिबाबाद, 17 जनवरी (एजेंसी)। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र में शुक्रवार को छह माह की बच्ची की हत्या करने का मामला सामने आया है। शालीमार गार्डन के बी ब्लॉक में रहने वाली महिला ने अपनी देवरानी पर ही बेटी की हत्या करने और कब्रिस्तान में दफनाने का आरोप लगाया है। पुलिस की शुरूआती पूछताछ में बच्ची के मानसिक तौर पर बीमार होने और उसके इलाज से तंग आकर हत्या करने की बात सामने आई है। पुलिस ने बच्ची की मां और पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि तहरीर मिली है। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में अब भूपेन्द्र चौधरी का नाम भी शामिल, पार्टी ने अचानक दिल्ली बुलाया

लखनऊ, 17 जनवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा? विधानसभा चुनाव के कुछ दिन बाद से ही यह प्रश्न संगठन में अटकलों की नित नई कहानी गढ़ रहा है। कई नाम अब तक दावेदारों के रूप में प्रमुख रूप से चल चुके हैं, लेकिन अभी तक घोषणा नहीं हो सकी है। माना यही जा रहा है कि निर्णय जातीय समीकरणों की बुनाई में फंसा हुआ है। मंथन चल रहा है कि ब्राह्मण, दलित और पिछड़े में किस वर्ग से अध्यक्ष बनाया जाए। इस बीच बुधवार को पिछड़ा वर्ग से जाट नेता के रूप में पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र चौधरी का नाम अचानक सुर्खियों में आ गया। उन्हें अचानक

दिल्ली बुलाए जाने से चर्चा शुरू हो गई है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सपा-रालोद गठबंधन का असर कम करने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद पर 'जाट कार्ड' भी चल सकती है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह को योगी सरकार 2.0 में जलशक्ति मंत्री बना दिया गया। एक तो स्वतंत्रदेव का कार्यकाल पूरा हो गया और दूसरा पार्टी में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत होने के नाते भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। चूंकि, 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं और उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 80 लोकसभा सीटें हैं, इसलिए पार्टी इस राज्य में अध्यक्ष की तैनाती को लेकर भी गहन मंथन कर रही है। स्पष्ट है कि प्रदेश अध्यक्ष से जातीय समीकरण भी साधने के प्रयास होंगे। पिछले कुछ समय के निर्णयों को देखें तो लोकसभा चुनाव ब्राह्मण और विधानसभा चुनाव पिछड़ा वर्ग से बनाए गए अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ा जाता रहा है। मसलन, 2014 लोकसभा चुनाव में लक्ष्मीकांत वाजपेयी, 2017 के विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य, 2019 के लोकसभा चुनाव में डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय और 2022 के विधानसभा चुनाव में स्वतंत्रदेव सिंह ने संगठन की बागड़ोर संभाली।

फरीदाबाद में शोरूम विवाद में भाई ने गोली मारकर की भाई की हत्या

फरीदाबाद, 17 जनवरी (एजेंसी)। फरीदाबाद में एक भाई ने अपने बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जिसके बाद घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बारे में पता लगते ही पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान फतेहपुर चंदीला के रहने वाले नरेंद्र के रूप में हुई है। नरेंद्र पेश से प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। नरेंद्र के छोटे भाई का नाम विकास है, वह भी प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि नरेंद्र और विकास के बीच शोरूम को लेकर विवाद चल रहा था। वारदात के वक्त नरेंद्र गुरुवार यानी 16 जनवरी रात 8 बजे अपने शोरूम पर था। उस दौरान विकास अपने किसी साथी के साथ वहां आ गया। जिसके बाद नरेंद्र और विकास के बीच शोरूम को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि विकास ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर नरेंद्र पर फायरिंग कर दी। नरेंद्र के सीने पर गोली लगी और वह घायल होकर जमीन पर गिर गया।

वारदात के समय मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बारे में पता लगते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजन की शिकायत के आधार पर विकास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। परिजन ने अपने बयान में बताया कि विकास को उसके चाचा कुलदीप सिंह ने बचपन में गोद ले लिया था। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

मां ने पार की क्रूरता की हदें, मासूम को बेरहमी से पीटा

बुलंदशहर, 17 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के बुलंदशहर में महिला का बच्चे को पीटते हुए वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है। महिला का नाम राधिका उर्फ रिया बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक महिला फर्श पर पड़े मासूम बच्चे को बेरहमी से पीट रही है। वीडियो में दिखा कि गुस्से में महिला ने स्टील के डिब्बे से कई बार मासूम की पिटाई की। महिला मासूम बच्चे के रोने पर भी रहम नहीं कर रही है और वह लगातार बच्चे को पीट रही है। आपको बता दें, मामला डिबाई कोतवाली क्षेत्र के नमक वाली मंडी का है। बच्चे को पीटने वाली मां का अपने पति से विवाद चल रहा है और वह मायके में रह रही है। बता दें, किसी बात पर बच्चा रो रहा था, महिला ने बच्चे को चुप कराने की कोशिश की। जब बच्चा चुप नहीं हुआ, तो वह झल्ला गई और बच्चे को पीटना शुरू कर दिया। पति से विवाद के बाद महिला कुछ परेशान सी रहती है। महिला जिस समय अपने बच्चे को बेरहमी से पीट रही थी, उस समय पड़ोस के लोगों ने इसका विरोध किया और वीडियो भी बना लिया। महिला इस घटना को कैद करने वाले लोगों से भी उलझ रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद परिवार के लोग ही नहीं, बल्कि जिसने भी वीडियो को देखा, वह आग बबूला हो गए।

महाकुंभ में आकर संगम में डुबकी लगाएंगे राहुल गांधी और प्रियंका

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम आस्था के महाकुंभ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी आस्था की डुबकी लगाएंगे। संगम में स्नान के बाद पूजा अर्चना करेंगे, और साधु संतों का आशीर्वाद भी लेंगे। कांग्रेस पार्टी में इसकी तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। दरअसल

पार्टी की तरफ से महाकुंभ में सेवा शिविर लगाया जा रहा है। खबर आ रही है इसी सेवा शिविर के दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी प्रयागराज महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे। दरअसल कांग्रेस सेवा दल की तरफ से संगम तट के सेक्टर 15 में तुलसी मार्ग पर महाकुंभ सेवा शिविर लगाया जा रहा है। अब खबर सामने आ रही है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी इस सेवा शिविर का हिस्सा बनेंगे। प्रयागराज में लगे महाकुंभ में संगम स्नान करने के लिए दोनों पहुंचेंगे। स्नान के साथ ही वो सेवा शिविर के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

राकेश टिकैत ने त्रिवेणी में लगायी डुबकी, योगी सरकार की तारीफ

महाकुंभनगर 17 जनवरी (वार्ता) भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को महाकुंभ के अवसर पर त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगायी और कुंभ क्षेत्र में अच्छे इंतजाम के लिये योगी सरकार की तारीफ भी की। संगम में स्नान के बाद श्री टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का पर्याय है जहां पवित्र स्नान के साथ दुर्लभ ऋषि मुनियो के भी दर्शन हो जाते हैं। ऐसे पवित्र स्थान पर राजनीति की कोई जगह नहीं है बल्कि महाकुंभ के सफल आयोजन के लिये राज्य सरकार बधाई की पात्र है। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के महाकुंभ को लेकर उठाये गये सवाल पर उन्होने कहा 'वह कहते हैं कि ट्रेन खाली जा रही है, भीड़ नहीं है। अगर भीड़ नहीं है तो भीड़ भेज दें। रेल फ्री है, बस फ्री है, टोल फ्री है। जो आना चाहे आ जाए मगर राजनीति को परे रख कर यहां आना चाहिए।' उन्होंने युवाओं से नशा छोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि महाकुंभ में स्नान करने जरुर आयें और जब गंगा में डुबकी लगाए तो नशा छोड़ने का संकल्प जरुर लें। सभी के लिए संदेश है कि इस महाकुंभ से बुराई का त्याग करके जाएं।

भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान को 14 तो बुशरा बीबी को सात साल की सजा

इस्लामाबाद, 17 जनवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अल-कादिर ट्रस्ट से जुड़े भूमि भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा बुशरा बीबी को 7 साल की सजा सुनाई गई है। यह फैसला रावलपिंडी की भ्रष्टाचार विरोधी अदालत में सुनाया गया, जहां इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं। इस मामले में खान के साथ उनकी पत्नी बुशरा बीबी और छह अन्य पर आरोप लगाए गए थे, जिनमें से अधिकांश देश से बाहर हैं। वहीं कोर्ट ने इमरान खान और बुशरा बीबी पर 10 लाख रुपये और 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

जज नासिर जावेद राणा ने आदिला जेल में स्थापित एक अस्थायी अदालत में यह फैसला सुनाया। यह फैसला तीन बार टल चुका था। राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने दिसंबर 2023 में खान और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें उन पर राष्ट्रीय खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान पहुंचाने का आरोप था। अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामला पाकिस्तान के इतिहास में वित्तीय गलत कामों से जुड़े सबसे बड़े मामलों में से एक है। इस मामले में आरोप है कि इमरान खान और उनकी पत्नी ने एक प्रॉपर्टी टाइकून के साथ मिलकर सरकारी पैसों का गलत इस्तेमाल किया।

हालांकि, इमरान खान और बुशरा बीबी के अलावा अन्य आरोपी देश से बाहर हैं, जिससे मुकदमा केवल खान और बीबी पर चलाया गया। अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामला पाकिस्तान के सबसे विवादास्पद मामलों में से एक है, जिसमें 50 बिलियन पाकिस्तानी रुपये का गलत इस्तेमाल करने का आरोप है। ये पैसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी की तरफ से पाकिस्तान को लौटाई गई थी, लेकिन कथित तौर पर इसे एक प्रॉपर्टी टाइकून के निजी लाभ के लिए जारी किया गया। इस पैसे का यूज झेलम में अल-कादिर विश्वविद्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण में किया गया, जिसे बुशरा बीबी और इमरान खान ने मिलकर स्थापित किया था। बुशरा बीबी, जो अल-कादिर ट्रस्ट की ट्रस्टी हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने इस समझौते से व्यक्तिगत लाभ उठाया। ट्रस्ट के तहत 458 कनाल भूमि का अधिग्रहण किया गया था, और इस भूमि का उपयोग विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए किया गया।आरोपों के अनुसार, यह धन जो राष्ट्रीय खजाने के लिए था, निजी परियोजनाओं में लगा दिया गया। मामले में प्रॉपर्टी टाइकून की भूमिका अहम है, जिन्होंने कथित तौर पर इमरान खान और बुशरा बीबी को इस विश्वविद्यालय की स्थापना में मदद की।आरोप है कि यह सहयोग धन के गलत इस्तेमाल और निजी लाभ के लिए किया गया था। इस मामले में रावलपिंडी की भ्रष्टाचार विरोधी अदालत ने इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने पाया कि धनराशि का गलत इस्तेमाल राष्ट्रीय खजाने को नुकसान पहुंचाने के मकसद से किया गया था। यह मामला इमरान खान के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका है। पाकिस्तान में भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस फैसले का पाकिस्तान की राजनीति और सरकारी पारदर्शिता पर व्यापक प्रभाव हो सकता है, जिससे आगे की कानूनी कार्यवाही की संभावना बढ़ जाती है।

दिल्ली चुनाव 2025 : बसपा ने 70 उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 69 उम्मीदवारों की सूची जारी की। बसपा की सूची के अनुसार नरेला से विरेन्द्र खत्री, बुराड़ी से गंगाराम, तिमारपुर से सुरेन्द्र पाल जाटव, आदर्श नगर से मो. अब्दुल जब्बार, बादली से रविन्द्र कुमार, रिठाला से मो. नियाज खान, बवाना से हीरालाल, मुंडका से सुमनलता सेरावत, किराड़ी से जुगवीर सिंह, सुलतानपुर माजरा से कुलवंत राणा, नांगलोई से मुकेश, मंगोलपुरी से मुकेश गौतम, रोहिणी से हरशद चड्ढा, शालीमार बाग से श्याम कुमार शर्मा, शकूरबस्ती से विजय कुमार को उम्मीदवार बनाया है। त्रिनगर से डॉ. पवन कुमार गर्ग, वजीरपुर से हीरालाल, मॉडल टाउन से चुन्नी लाल, सदर से शैल कुमारी, चांदनी चौक से कालीचरण, मटिया महल से तेजराम, बल्लीमारां से सोनू कुमार, करोलबाग से रणजीत कुमार गंगवाल, पटेल नगर से रामावतार भारती, मोती नगर से अविनाश गुप्ता, मादीपुर से रूप सिंह अहिरवार, राजौरी गॉर्डन से शशिप्रभा, हरीनगर से बिंदु कुमार, तिलक नगर से अशोक कुमार गौतम, जनकपुरी से रविप्रताप राव, विकासपुरी से कृष्णा ठाकुर, उत्तम नगर से मनीराम, द्वारका से प्रदीप मौर्या को टिकट दिया गया है।

स्पेन जा रही नाव पलटी, चालीस से अधिक पाकिस्तानी डूबे

इस्लामाबाद, 17 जनवरी (एजेंसी)। पाकिस्तान ने गुरुवार को बताया कि 80 से अधिक प्रवासियों को स्पेन लेकर जा रही एक नाव मोरक्को के पास पलट गई। इस दुर्घटना में 40 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिकों की डूब जाने के कारण मौत हो गई है। प्रवासियों के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था 'वॉकिंग बॉर्डर्स' ने कहा कि इस हादसे में 50 प्रवासियों के डूबने की आशंका है। एक दिन पहले मोरक्को के अधिकारियों ने 36 लोगों को बचाया था। ये लोग दो जनवरी को मॉरिटानिया से नाव में सवार होकर स्पेन के लिए निकले थे। नाव में 86 प्रवासी थे, जिनमें 66 पाकिस्तानी नागरिक थे। 'वॉकिंग बॉर्डर्स' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेलेना मालेनो ने 'एक्स' पर बताया कि डूबने वालों में 44 लोग पाकिस्तानी थे। बिना किसी मदद के वे 13 दिनों से तकलीफ में थे, कोई उन्हें बचाने नहीं आया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उनका दूतावास मोरक्कों के स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है। बयान में कहा गया, हमारे रबात स्थित दूतावास ने हमें बताया कि मॉरिटानिया से 80 यात्रियों को लेकर जा रही एक नाव मोरक्को के डाखला बंदरगाह के पास डूब गई, जिसमें कई पाकिस्तानी नागरिक भी थे। कई लोग बचाए गए, जिनमें पाकिस्तानी नागरिक भी शामिल हैं।

भाजपा भी देगी मुफ्त बिजली-पानी, होली-दीवाली पर दिया जाएगा फ्री सिलेंडर

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसी)। भाजपा ने दिल्ली चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। इसमें कई बड़े ऐलान किए गए हैं जैसे कि मुफ्त बिजली-पानी होली-दीवाली पर फ्री सिलेंडर, महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह, गर्भवती महिलाओं को 21 हजार नकद और न्यूट्रिशन किट, आयुष्मान भारत योजना के तहत 51 लाख लोगों को कवर करना और 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा आदि शामिल हैं। भाजपा ने अपने इस संकल्प पत्र में जनता से पांच बड़े वादे किए हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा का चुनाव होना है और 8 फरवरी को रिजल्ट आना है। ऐसे में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी शुक्रवार को अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसे बीजेपी ने 'संकल्प पत्र' नाम दिया है। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रेसवार्ता कर कहा कि संकल्प पत्र विकसित दिल्ली का आधार रखने वाला है। नड्डा ने कहा कि जो योजना पहले से चल रही हैं वो ऐसे ही चलती रहेंगी। भाजपा अध्यक्ष के इस बयान से स्पष्ट है कि दिल्ली के लोगों को बिजली-पानी जैसे मिल रही थी वो वैसे ही मिलती रहेगी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की राजनीतिक संस्कृति को बदला है। पहले घोषणा पत्र को लोग और पार्टियां भूल जाती थी। अब यह संकल्प है और धरती पर उतारा जाता है। यह बदलाव है कि सरकार का रिपोर्ट कार्ड मांगा जाता है। भाजपा जो कहती है वो करती है। जो नहीं कहती है उसे भी कर के दिखाती है। मोदी की गारंटी, गारंटी पूरे होने की गारंटी है। 2014, 2019 लोकसभा में किए गए 95 प्रतिशत वादे पूरे किए गए और शेष पूरे होने वाले हैं। इस दौरान नड्डा ने अरविंद केजरीवाल और आप पर हमला करते हुए कहा कि कोरोना संकट में पूर्वांचलियों को आपदा सरकार ने आनंद बिहार ले जाकर छोड़ दिया था।

गाजा संघर्ष विराम को इस्राइल की मंजूरी : सुरक्षा कैबिनेट से प्रस्ताव पर मुहर, पूर्ण कैबिनेट करेगी अंतिम फैसला

यरूशलम, 17 जनवरी (एजेंसी)। गाजा में 15 महीनों से जारी संघर्ष पर विराम लगना लगभग तय हो गया है। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें तहत गाजा में संघर्ष विराम व बंधकों की रिहाई का प्रावधान रखा गया है। अब इस प्रस्ताव को पूर्ण कैबिनेट में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी मिलने के बाद संघर्ष विराम रविवार को लागू हो सकता है। इसके बाद हमास बंधकों को रिहा कर सकता है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इससे पहले खुद यह जानकारी साझा की थी कि छह हफ्ते के गाजा संघर्ष विराम समझौते पर सहमति बन चुकी है। हालांकि, उन्होंने समझौता मंजूरी में देरी के लिए हमास के साथ अंतिम समय में हुए विवाद को जिम्मेदार ठहराया। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने विशेष कार्यबल को बंधकों की अगवानी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। बंधकों के परिवारों को भी बता दिया गया है कि समझौता हो चुका है। नेतन्याहू की यह घोषणा उनके कार्यालय की तरफ से यह कहे जाने के एक दिन बाद आई है कि गाजा में संघर्ष विराम व फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले बंधकों को मुक्त करने के लिए वार्ता में अंतिम समय में रुकावटें आई गई हैं। इस्राइल ने लंबे समय से बहुप्रतीक्षित युद्धविराम समझौते पर बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल में होने वाला मतदान टाल दिया था। इस समझौते के तहत गाजा पट्टी में युद्ध रोका जाएगा और दर्जनों बंधकों की रिहाई सुनिश्चित हो सकेगी। एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व प्रमुख मध्यस्थ कतर ने समझौता पूरा होने की घोषणा की थी। इस्राइल के छह अस्पतालों को बंधकों को रखने के लिहाज से तैयार किया गया है। इस्राइल के चिकित्सा निदेशालय के प्रमुख डॉ. हगर मिजराही ने कहा, हमारी मुख्य चिंता लंबे समय से बंधकों को रखे जाने की है... उन्हें संभवतः बहुत ही खराब परिस्थितियों, पोषण व स्वच्छता की कमी में रखा गया है।

अमेठी में भीषण हादसाः दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत, मां-बेटे की मौत

अमेठी, 17 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के अमेठी में शुक्रवार को बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल सुल्तानपुर में उपचार चल रहा है। मां-बेटे की मौत से गांव में कोहराम मचा है। हादसा मुंशीगंज थाना क्षेत्र में टांडा-बांदा हाईवे स्थित जामो-भादर चौराहे पर हुआ। मुसाफिरखाना थानाक्षेत्र के समशेरियां गांव निवासी राकेश कुमार (24) शुक्रवार को बाइक से अपनी मां घुटूरा (55) संग अमेठी टिकरी गांव मौसी के घर किसी काम से जा रहे थे। रास्ते में मुंशीगंज थानाक्षेत्र से गुजरने वाले टांडा-बांदा हाईवे स्थित जामो-भादर चौराहे पर सामने से रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में राकेश कुमार व घुटूरा संग दूसरी बाइक सवार सुल्तानपुर जिले के लंभुआ थानाक्षेत्र के मदनपुर देवर गांव निवासी विवेक कुमार (22) मनीष श्रीवास्तव (21) वर्ष व अंकित कुमार सरोज (23) भी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां, प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया। सभी को सुल्तानपुर जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीनों को भर्ती कर उपचार करना शुरू कर दिया। मां-बेटे के मौत की सूचना गांव पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। एसएचओ शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि हादसे के घायलों को अस्पताल पहुंचाते हुए परिजनों को सूचना दी गई है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलती है तो केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

भरभराकर गिरी दीवार...खेल रहे बालक की दबकर मौत

बहराइच, 17 जनवरी (एजेंसी)। यूपी के बहराइच में शुक्रवार की सुब